47

**दिनांक–18.06.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में अपराह्न 03:30 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग एवं 04:00 बजे पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति :– पंजी के अनुसार

## बैठक की कार्यवाही

सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विभाग द्वारा क्रियान्वित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग एवं पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिये गये महत्वपूर्ण निदेश निम्नवत् है:–

## अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग

- सीतामढ़ी जिलान्तर्गत 100 आसन वाले सावित्रिवाई फुले बालिका छात्रावास का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है कि स्थल लेआउट प्लान अनुमोदन हेतु प्रशासी विभाग को भेजा गया है जो अभीतक अप्राप्त है।

  प्रशासी विभाग से आये प्रतिनिधि द्वारा बताया गया है कि जिस स्कीम के दौरान उक्त योजना स्वीकृत की गयी थी वह अवधी बीत चुकी है। जिसके कारण स्थल अनुमोदन हेतु कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

  निदेशित किया गया है कि इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाय।

  **अनुपालनः–प्रशासी विभाग**

- दरभंगा जिलान्तर्गत डॉ0 भीम राव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, प्रखण्ड–सह–अंचल, बहादुरपुर में विद्यालय भवन 720 आसन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है कि चहारदिवारी का कार्य शुरू किया गया था परन्तु स्थानीय ग्रामीण द्वारा सामग्री ले जाने से रोका जा रहा है। प्रशासी विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया है कि जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिलाधिकारी के साथ संबंधित कार्यपालक अभियंता को स्थल का निरीक्षण करना है।

  निदेश दिया गया है कि स्थल का निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराये तथा इसकी एक प्रति प्रशासी विभाग को दी जाय।

  **अनुपालनः–प्रशासी विभाग/कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा**

- दरभंगा जिलान्तर्गत सिंहवाड़ा प्रखंड में 100 आसन वाले राजकीय कल्याण छात्रावास भवनों का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है स्थल विवादित है। प्रशासी विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया है कि जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिलाधिकारी के साथ संबंधित कार्यपालक अभियंता को स्थल पर निरीक्षण करना है।

  निदेश दिया गया है कि स्थल का निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराये तथा इसकी एक प्रति प्रशासी विभाग को दी जाय।

  **अनुपालनः–प्रशासी विभाग/कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा**

- गयाजी जिलान्तर्गत डॉ0 भीम राव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, प्रखण्ड–सह–अंचल, टेकारी में विद्यालय भवन 720 आसन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है कि भुगतान लंबित है एवं संवेदक द्वारा कार्य नहीं कराया जा रहा है।

  निदेश दिया गया है किं आवंटन उपलब्ध करा दी जाय तथा कार्य में तेजी लाकर ससमय पूर्ण कर ली जाय।

  **अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गयाजी/अवर सचिव (बजट)**

- बिहारशरीफ जिलान्तर्गत मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास योजना अन्तर्गत नालन्दा जिला में 100 आसन वाले सावित्रिबांई फुले बालिका छात्रावास भवनों का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है कि प्राप्त भूमि में 12 फिट गढ़ढा में है साथ ही भूमि अतिक्रमित है। दूसरी जमीन उपलब्ध कराने हेतु पत्र दिया गया है।

  प्रशासी विभाग के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया है कि जल्द दूसरी भूमि उपलब्ध करा दी जायगी।

  निदेश दिया गया है कि जल्द–से–जल्द दूसरी जमीन उपलब्ध करायी जाय।

  **अनुपालनः–प्रशासी विभाग**

- पटना जिलान्तर्गत 100 आसन वाले डॉ0 भीम राव अम्बेडकर बालिका छात्रावास, मगध महिला कॉलेज, पटना का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है कि भूमि उपलब्ध नहीं है।

46

प्रशासी विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया है कि उक्त योजना को रद्द कर दिया जाना उचित होगा क्योंकि कैम्पस में पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं है।

निदेश दिया गया है कि उक्त योजना को रद्द करने हेतु अग्रतर कारवाई करें।

**अनुपालनः–प्रशासी विभाग / कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमंडल, पटना**

- पटना जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति अनुशंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र (जी0+3) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है कि भूमि उपलब्ध नहीं है।

  प्रशासी विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया है कि उक्त कार्य हेतु भूमि जल्द–से जल्द दूसरी भूमि उपलब्ध करा दी जायगी।

  निदेश दिया गया है कि उक्त कार्य हेतु भुमि उपलब्ध करा दिया जाय।

**अनुपालनः–प्रशासी विभाग**

- समस्तीपुर जिलान्तर्गत विद्यापति नगर में 100 आसनवाले राजकीय कल्याण छात्रावास भवनों का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है कि भूमि उपलब्ध नहीं है।

  प्रशासी विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया है कि उक्त कार्य हेतु भूमि जल्द–से जल्द उपलब्ध करा दी जायगी।

  निदेश दिया गया है कि उक्त कार्य हेतु भुमि उपलब्ध करा दिया जाय।

**अनुपालनः–प्रशासी विभाग**

## पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

- लखीसराय जिलान्तर्गत 520 आसनवाले एक अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय+2 उच्च विद्यालय के भवन निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है कि कार्य में विवाद था, जो दिनांक 02.01.2026 को विवाद से मुक्त किया गया तत्पश्चात् कार्य प्रारंभ किया गया। कार्य मार्च, 2027 तक पूर्ण करा ली जाएगी।

  निदेश दिया गया है कि दिसम्बर, 2026 तक कार्य पूर्ण कर लिया जाय।

**अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लखीसराय**

- पटना जिलान्तर्गत अब्दुल कयूम अंसारी के परिसर में 50 आसनवाले (जी0+3) पिछड़ा वर्ग छात्रावास एवं अति पिछड़ा वर्ग का छात्रावास, रानीघाट, पटना निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है कि कार्य धीमी गति से चल रही है। संवेदक का डिबार कर दिया गया है। एक महिने में कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

  निदेश दिया गया है कि समय से कार्य पूर्ण करा लिया जाय।

**अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमंडल, पटना**

- प्रशासी विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि मुजफ्फरपुर एवं बांका जिलों में पिछड़ा वर्ग छात्रावास के जीर्णोद्धार के लिए प्राक्कलन की मांग की गयी थी। किन्तु भवन काफी जर्जर स्थिति में होने के कारण इसे तोड़कर नये भवनों के निर्माण पर भी विचार किया जा सकता है।

  निदेश दिया गया है कि संबंधित मुख्य अभियंता स्थल पर पुराने भवनों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर स्पष्ट अनुशंसा के साथ एवं तकनीकी रिर्पोट प्रस्तुत करेंगे।

**अनुपालनः–मुख्य अभियंता (दक्षिण / उत्तर)**

बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गयी।

ह0 / –
**(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)**
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–डी0एम0सी0–1 एम0–22 / 2024 6275(अ) दिनांक– 10/7/26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने एवं संबंधित प्रशासी विभाग को भेजने हेतु प्रेषित।

30.6.26

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव